आईआईएम रांची के थनपम को 67 लाख का पैकेज

संस्थान में हाइएस्ट पैकेज पाने वाले बने थनपम कसोमहंग

ranchi@inext.co.in

RANCHI (1 Nov): आईआईएम रांची के किसी स्टूडेंट को मिलने वाले सबसे बड़े पैकेज का रिकॉर्ड बन गया है. मैनेजमेंट के छात्र थनपम कसोमहंग का इस साल कैंपस सेलेक्शन हुआ है, जिसमें उन्हे 67 लाख रुपए का पैकेज मिला है. यह पैकेज सिंगापुर की कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट के दौरान थनपम को ऑफर किया है. अभी भी कैंपस सेलेक्शन का प्रॉसेस चल हा है. छात्रों का इंटरव्यू राउंड भी हो रहा है. इस साल इस कैंपस से अलग अलग डिपार्टमेंट के करीब 492 छात्रों का प्लेसमेंट होना है.

मणिपुर के हैं थनपम

मूल रूप से मणिपुर के उखरूल जिला के रहने वाले थनपम ने बताया कि उनकी स्कूलिंग उखरूल के ही सैकर्ड हार्ट स्कूल से हुई. मंगलौर से ग्रेजुएशन करने के बाद वह कैट की तैयारी में लग गए. शुरू से मार्केटिंग में इंट्रेस्ट रहा, इसलिए मार्केटिंग में एमबीए का इरादा किया. पढ़ाई पूरी होने के बाद

67 लाख का पैकेज मिला है, तो उन्हें विश्वास नहीं हो रहा कि आईआईएम रांची का अब तक का सबसे हाईएस्ट पैकेज उन्हें मिला है. थनपम के मुताबिक फिलहाल एक साल के लिए नाइजीरिया में ट्रेनिंग होगी, उसके बाद सिंगापुर में ब्रांड मैनेजर के रूप में वह काम करेंगे.

Dainik Jagran_02.11.2022_Pg. 03